रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

www.vananchaleye@gmail.com

हर खबर पर पहली नजर


₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 वर्ष:01 अंक:100 मंगलवार,16 दिसंबर Email:vananchaleye@gmail.com




## ब्रीफ न्यूज

### राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख सूत्रधार डॉ. रामविलास का निधन



एजंसी

रीवा : राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख सूत्रधार और अयोध्या से पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती का निधन हो गया है। उन्होंने मध्य प्रदेश के रीवा में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही अयोध्या सहित पूरे संत समाज और राजनीतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार डॉ. रामविलास दास वेदांती मध्य प्रदेश के रीवा जनपद में प्रवास पर थे। इसी दौरान बुधवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों द्वारा लगातार उपचार के प्रयास किए गए, लेकिन इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। डॉ. वेदांती राम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी चेहरों में गिने जाते थे और उन्होंने इस आंदोलन को जनज न तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। अयोध्या से सांसद रहते हुए उन्होंने संसद से लेकर सड़कों तक राम मंदिर निर्माण की आवाज को मजबूती से उठाया। उनके निधन को संत समाज और राम भक्तों के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, मध्य प्रदेश से उनका पार्थिव शरीर लेकर उनके उत्तराधिकारी और सहयोगी अयोध्या ले जाया जाएगा। अयोध्या पहुंचने के बाद उनके अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। उनके निधन पर कई संतों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने गहरा दुखव्यक्त किया है।

### तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में जॉर्डन पहुंचे पीएम मोदी


अम्मान : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में सोमवार को जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंच गये। मोदी के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की चार दिन की यात्रा पर आज सुबह नयी दिल्ली से रवाना हुए थे। उन्होंने रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में कहा कि तीनों देशों के साथ भारत के पुराने सभ्यतागत और व्यापक समकालीन द्विपक्षीय संबंध हैं और उनकी यह ऐतिहासिक यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 साल पूरे होने का प्रतीक होगी।

# मौजूदा सत्र में चर्चा के लिए विधेयक सूचीबद्ध, विपक्ष का विरोध

## मनरेगा का बदलेगा नाम, सांसदों में वितरित की गईं बिल की प्रतियां

एजेंसी

नई दिल्ली:मोदी सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) को बदल कर नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने जा रही है। इसे मौजूदा शीतकालीन सत्र में चर्चा के लिए सूचीबद्ध किया गया है। सोमवार को बिल की प्रतियां लोकसभा सांसदों में वितरित की गई हैं। इसका नाम विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025 रखा गया है। नए बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास



का नया ढांचा तैयार करना है। काम के
दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी। इधर कांग्रेस ने सरकार के फैसले का विरोध किया है। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने नाम बदलने के इस फैसले का विरोध किया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने
कहा कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा। इससे पहले 12 दिसंबर को खबर आई थी कि केंद्रीय कैबिनेट ने मनरेगा का नाम बदलकर पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना रखा है। हालांकि, सरकार की ओर से जारी।

### नया नाम होगा विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)

सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों को देखते हुए फैसला : विधेयक में लिखे उद्देश्य के अनुसार, पिछले 20 वर्षों में मनरेगा ने ग्रामीण परिवारों को रोजगार दिया, लेकिन गांवों में हुए सामाजिक-आर्थिक बदलावों को देखते हुए इसे और मजबूत करना जरूरी है। नए कानून के तहत हर ग्रामीण परिवार को, जो बिना कौशल वाला काम करने को तैयार हो, हर साल 125 दिन का वेतनयुक्त रोजगार मिलेगा।

### पीएम के खिलाफ कांग्रेस के नारे को लेकर संसद के दोनों सदनों में हंगामा

रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित कांग्रेस की रैली के दौरान की गई नारेबाजी को लेकर संसद के दोनों सदन में सोमवार को कार्यवाही शुरू होने के बाद जमकर हंगामा हुआ। हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपमान का मुद्दा उठाया। नड्डा ने सोनिया गांधी से माफी मांगने की मांग भी की। सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस की रैली में 'मोदी, तेरी कब्र खुदेगी, आज नहीं तो कल खुदेगी' जैसे नारे लगाए गए। उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेस की सोच और मानवता का स्तर गिरता है। प्रधानमंत्री के खिलाफ इस तरह की बातें कहना और उनकी मौत की मांग करना बेहद निंदनीय है। कांग्रेस ने देशमें राजनीति का स्तर बेहद गिरा दिया।

### आतंकी हमला : दो हमलावरों ने शुरू कर दी ताबड़तोड़ फायरिंग

# हेमंत सरकार ने शुरू किया किसानों से धान खरीदना, पहले दिन खरीदा 18786 क्विंटल

## 834 में से 82 अधिप्राप्ति केंद्रों पर कृषकों ने बेचा अपना धान

संवाददात

रांची :सोमवार से हेमंत सरकार ने किसानों से धान की खरीदारी का काम शुरू कर दिया। पहले दिन सोमवार को शाम पांच बजे तक 18786.09 क्विंटल धान की खरीदारी हुई। इस साल सरकार ने 2,51,072 किसानों से 2,450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से करीब 60 लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य रखा है। राज्य सरकार द्वारा गठित 834 धान अधिप्राप्ति में से पहले दिन 82 स्थानों पर धान खरीद कीशुरूआत हुई।गड़बड़ी रोकने के लिए किया गया उपाय झारखंड सरकार ने धान खरीद में गड़बड़ी रोकने के लिए जहां 2-जी के बजाय 4-जी पॉस मशीन का इस्तेमाल इस साल से शुरू किया है। वहीं प्रतिदिन किसानों को धान खरीद के पैसे के भुगतान से पहले सरकारीकर्मी या जनसेवक को पंचिंग करना अनिवार्य किया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडे के अनुसार, रांची में कुल 43 धान अधिप्राप्ति केंद्र बनाए गए हैं। जहां आज शुरूआत हो गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को भुगतान को लेकर कोईपरेशानी न हो, इसके लिए 2 करोड़ राशि प्राप्त हो चुकी है, जिससे सरकार
द्वारा निर्धारित दो से सात दिन के अंदर डीबीटी के माध्यम से राशि चली जाएगी।राजधानी रांची के नामकुम स्थित लैंपस पर धान खरीद की शुरुआत जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडे ने की। इस मौके पर किसानों ने बिचौलियों से बचाने के लिए सरकार से धान खरीद का समय नवंबर के दूसरे सप्ताह में रखने का आग्रह किया।

- रांची में बनाए गए हैं 43 धान धिप्राप्ति केंद्रकिसानों ने कहा, समय पर खरीद
- और भुगतान होने पर हावी नहीं होंगे बिचौलिए



### गड़बड़ी रोकने के लिए किया गया उपाय

झारखंड सरकार ने धान खरीद में गड़बड़ी रोकने के लिए जहां2-जी के बजाय 4-जी पॉस मशीन का इस्तेमाल इस साल से शुरू किया है। वहीं प्रतिदिन किसानों को धान खरीद के पैसे के भुगतान से पहले

### बिचौलियों से बचाने के लिए समय नवंबर के दूसरे सप्ताह में रखने का आग्रह

राजधानी रांची के नामकुम स्थित लैंपस पर धान खरीद की शुरुआत जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडे ने की। इस मौके पर किसानों ने बिचौलियों से बचाने के लिए सरकार से धान खरीद का समय नवंबर के दूसरे सप्ताह में रखने का आग्रह किया।

## पीएम के खिलाफ कांग्रेस के नारे को लेकर संसद में हंगामा



एजेंसी

नई दिल्ली : रामलीला मैदान में आयोजित कांग्रेस की रैली के दौरान की गई नारेबाजी को लेकर संसद के दोनों सदन में सोमवार को कार्यवाही शुरू होने के बाद जमकर हंगामा हुआ। हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही को 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अपमान का मुद्दा उठाया।नड्डा ने सोनिया गांधी से माफी मांगने की मांग भी की। सदन के नेता जे.पी. नड्डा ने कहा कि कल कांग्रेस की रैली में मोदी, तेरी कब्र खुदेगी, आज नहीं तो कल खुदेगीह्व जैसे नारे लगाए गए। उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेस की सोच और मानवता का स्तर गिरता है। प्रधानमंत्री के खिलाफ इस तरह की बातें कहनाऔर उनकी मौत की मांग करना बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सोनिया गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस ने देश में राजनीति का स्तर बेहद गिरा दिया है। विपक्षी सदस्यों ने विरोध जताया। एक सदस्य ने चिल्लाकर कहा कि संसद में कुछ नहीं हुआ। वही, लोकसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कल रैली में पूरा पार्टी नेतृत्व कार्यक्रम में मौजूद था। उसी दौरान प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदे जाने जैसे नारे लगाए गए। इससे अधिक शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना।

### अमित शाह, जेपी नड्डा और धर्मेंद्र प्रधान सहित अन्य नेताओं की रही मौजूदगी

# भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन ने संभाला कार्यभार

## दिल्ली की सीएम सहित अन्य नेताओं ने किया स्वागत

एजेंसी

नई दिल्ली:सोमवार को नितिन नबीन ने भारतीयजनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। नबीन भाजपा के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुने जाने के एक दिन बाद सोमवार दोपहर पटना से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे। हवाई अड्डे पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और भाजपा के



कई अन्य नेताओं ने उनकी अगवानी की। गौरतलब है कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राजग सरकार में मंत्री रहे नबीन (45) को रविवार को भाजपा का राष्ट्रीयकार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में अपने आधिकारिक दायित्वों का कार्यभार संभाला। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहे। उन्होंने नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का स्वागत कर उन्हें अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया। इसके बाद भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने मुख्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की। नितिन नबीन शाम चार बजे मुख्यालय पहुंचे, जहां उनका स्वागत महासचिव तरुण चुग, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के कई मंत्रियों,

### नितिन नबीन के प्रमोशन के बाद बिहार बीजेपी में भी फेरबदल

# संजय सरावगी बने प्रदेश अध्यक्ष

,एजेंसी

पटना : भाजपा ने बिहार में संगठनात्मक स्तर पर बड़ा बदलाव करते हुए दरभंगा शहरी क्षेत्र से छह बार के विधायक एवं पूर्व राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी को बिहार प्रदेश का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह दरभंगा सदर विधानसभा सीट से वर्तमान विधायक हैं। संजय सरावगी अब निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल का स्थान लेंगे। उनके प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की औपचारिक घोषणा भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह के हस्ताक्षर से जारी पत्र के माध्यम से की गई है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। संजय सरावगी ने वर्ष 2025 के बिहार



विधानसभा चुनाव में विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के उम्मीदवार उमेश साहनी को 24,593 मतों से पराजित किया था। उनका राजनीतिक सफर फरवरी 2005 में शुरू हुआ, जब उन्होंने दरभंगा सीट से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार मोहम्मद मुमताज को 14,188 मतों से हराकर पहली बार विधानसभा में प्रवेश किया। इसके बाद अक्टूबर 2005 में उन्होंने कांग्रेस के डॉ. मदन मोहन झा को 24,983 मतों से पराजित कर दोबारा जीत दर्ज की। संजय सरावगी ने वर्ष 2010, 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में भी लगातार जीत हासिल की। वर्ष 2010 में उन्होंने राजद के सुल्तान अहमद को 27,554मतों से हराया, जबकि 2015 और 2020 में क्रमशः राजद उम्मीदवारों ओम प्रकाश खेरिया और अमर नाथ गामी को पराजित किया। वे नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। अपनी साफसुथ री छवि, प्रशासनिक अनुभव और मजबूत संगठनात्मक क्षमता के कारण पार्टी नेतृत्व ने उन्हें बिहार भाजपा की कमान सौंपी है।

महागठबंधन

### केसी वेणुगोपाल के साथ झारखंड कांग्रेस के विधायकों-मंत्रियों की बैठक, कहा

# हम महागठबंधन के साथ, कोई मतभेद नहीं

एजेंसी

रांची। दिल्ली में सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव और संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल और झारखंड कांग्रेस के विधायकों और मंत्रियों के बीच एक अहम बैठक हुई, जिसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तर के कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में सभी नेताओं ने रामलीला मैदान में आयोजित रैली की सफलता के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को बधाई दी। बैठक में सभी विधायकों ने एक स्वर में कहा कि कांग्रेस महागठबंधन के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और गठबंधन के भीतर किसी भी प्रकार का मतभेद नहीं है। संगठन महामंत्री केसी



वेणुगोपाल ने मंत्री एवं विधायकों को जनता की समस्याओं को लेकर और अधिक मुखर रहने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने राज्य में चल रहे संगठन सृजन अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड के सभी प्रखंडों में बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) बनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तथा कई जिलों में बीएलए की नियुक्ति भी कर दी गई है। साथ ही ग्राम पंचायत समिति एवं वार्ड समिति के गठन की प्रक्रिया भी जारी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रैली में भारी जनउपस्थिति पर प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी नेताओं को बधाई देते हुए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा अफवाहों के माध्यम से सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका मुकाबला संगठन की एकजुटता से करना होगा। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के खिलाफ संघर्ष के साथ-साथ देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की जिम्मेदारी कांग्रेस पर है। यह जिम्मेदारी तभी मजबूती से निभाई जा सकती है, जब कांग्रेस के नेता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस के स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं झारखंड प्रभारी के. राजू, सह- प्रभारी डॉ. सिरिवेल्ला प्रसाद, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, उपनेता राजेश कच्छप, मंत्री राधा कृष्ण किशोर, इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, डॉ. रामेश्वर उरांव, कुमारजयमंगल सिंह सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

# अस्पतालों में सीएस मशीनों की तत्काल करें खरीदारी : अपर मुख्य सचिव



संवाददाता

रांची : स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने सोमवार को नेपाल हाउस स्थित सभागार में सभी जिलों के सिविल सर्जन (सीएस) के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षात्मक बैठक की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलों के अस्पतालों की रंग-रोगन स्थिति की जानकारी लेते आगामी मार्च से पहले सभी जिला और डिविजनल अस्पताल का रंग-रोगन कार्य पूरा कर राज्य सरकार की वेबसाइट पर तस्वीरें अपलोड करने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पतालों में उपलब्ध मशीनों की स्थिति की भी समीक्षा की और जरूरी उपकरणों की तत्काल खरीद सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही ब्लॉक और सीएचसी स्तर पर डॉक्टरों के कार्य की समीक्षा कर उन्हें प्रेरित करने के निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि बैठक का उद्देश्य राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने और मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन और रखरखाव से जुड़े निर्देशों की प्रगति की समीक्षा करना था। बैठक में सदर अस्पतालों में मॉड्यूलर ओटी निर्माण की प्रगति, ट्रॉमा सेंटर और मुख्यमंत्री अस्पताल कायाकल्प योजना की भी समीक्षा की गई। रिम्स के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ पी भट्टाचार्य ने बताया कि राज्य में 49 स्थानों पर ट्रॉमा सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा हर जिले में 10 बेड का आईसीयू और एक टेली आईसीयू स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, पीएम-भीम योजना, चलंत ग्राम क्लीनिक और आउटसोर्सिंग कर्मियों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

# पंडरा बाजार समिति की चार दुकानों में चोरी, दीवार काट कर नगदी समेत लाखों का सामान उड़ा ले गए चोर

रांची, संवाददाता ।



**रांची।** राजधानी रांची में चोरों का मनोबल सातवें आसमान पर है. अब चोर पुलिस की नाक के नीचे चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं. ताजा मामला रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र का है, यहां चोरों ने बाजार समिति की चार दुकानों में एक साथ चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. पंडरा ओपी के ठीक बगल में स्थित बाजार समिति की चार दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है. दुकानों से करीब 6 लाख कैश सहित करीब 15 लाख के सामान की चोरी हुई है. चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए चोरों ने दुकानों के पीछे की दीवार को काट दिया था. चोर दीवार काटकर अंदर घुसे और उन्हें जो कुछ भी मिला उसे उड़ा ले गए. राजेश कुमार नाम के कारोबारी की दुकान से चोरों ने 4.30 लाख रुपये नगद की चोरी की है.

**कारोबारियों में आक्रोश**

आपको बता दें कि रांची के पंडरा बाजार समिति में थोक विक्रेताओं की तीन दर्जन से ज्यादा दुकानें हैं. अक्सर यहां चोरी की वारदात सामने आती रहती है. कारोबारी सुभाष पटवारी ने बताया कि पुलिस की लापरवाही की वजह से चोरी की वारदातें बढ़ रही हैं. पंडरा बाजार समिति से थाना महज कुछ कदमों की दूरी पर है, इसके बावजूद चोर दुकानों की दीवार काटकर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं और फरार भी हो जाते हैं. मामले को लेकर दुकानदारों का कहना है कि लगातार चोरी की वारदात हो रही है, लेकिन एक चोर को भी पुलिस नहीं पकड़ पाती है. दुकानदारों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ बेहद आक्रोश है.

**जांच में जुटी पुलिस**

जिन दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है उन सभी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं. सीसीटीवी फुटेज में सभी चोरों की तस्वीर कैद हुई है. पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है. हालांकि आपको बता दें कि इससे पहले भी कई चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं, लेकिन पुलिस उन्हें अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है.

# रिम्स परिसर में अतिक्रमण की गई जमीन पर चला बुलडोजर, खुले आकाश के नीचे रहने को मजबूर लोग

रांची, संवाददाता ।

झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स की आवासीय कॉलोनियों में सालों से झोपड़ियों और मड़ई में अपने परिवारों के साथ रह रहे लोगों के घरों पर आज सरकारी बुलडोजर चला. बड़ी संख्या में पुलिस बल, नगर निगम की बुलडोजर टीम और रिम्स प्रबंधन के साथ-साथ जिला प्रशासन की ओर से नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट ने बरियातू थाना के पीछे स्थित डॉक्टरों के क्वार्टर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. इस दौरान, स्थानीय लोगों ने इस अभियान का विरोध किया, जबकि बेघर हुए लोगों ने प्रशासन पर अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में भेदभाव का आरोप लगाया. अतिक्रमण हटाने के दौरान कई ऐसे दृश्य देखने को मिले जो मानवीय संवेदनाओं को झकझोर



देने वाले थे. एक सास-बहू तीन नवजात बच्चों के साथ खुले आसमान के नीचे बैठी प्रशासन को कोसती नजर आईं. पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि आज अतिक्रमणकारियों को हटाया गया है और यह अभियान कल भी जारी रहेगा. उन्होंने आगे कहा कि मानवीय संवेदना एक बात है, लेकिन कानून का पालन कराना उससे ज्यादा जरूरी है. जिन लोगों के आशियाने आज गिराए गए, उनमें से कई लोग रिम्स में आउटसोर्स पर सेवाएं दे रहे हैं. अविनाश कुमार ने सवाल किया कि उनका घर क्यों तोड़ दिया गया, जबकि होमगार्ड के जवान इसी परिसर में रहते हैं?

**हाई कोर्ट के आदेश पर हटाया गया अतिक्रमण**

झारखंड हाई कोर्ट में दायर केस नंबर W.P. 4736/2018 (ज्योति शर्मा बनाम राज्य सरकार और अन्य) में, 3 दिसंबर, 2025 को दिए गए फैसले में राज्य सरकार और रिम्स प्रबंधन को 72 घंटे के भीतर सभी अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया था. झारखंड हाई कोर्ट, रांची के आदेश का अनुपालन करते हुए, सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था. 72 घंटे की अवधि समाप्त होने के बाद, रांची जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और रिम्स प्रबंधन ने संयुक्त रूप से आज अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया. अतिक्रमण हटाओ अभियान के लिए नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट साइनी तिग्गा ने कहा कि आज तीन टीमों ने रिम्स परिसर के अलग-अलग स्थानों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया और यह अभियान जारी रहेगा. उन्होंने आगे कहा कि जो लोग अभी भी रिम्स की जमीन पर अतिक्रमण कर रहे हैं, उन्हें जल्द से जल्द और स्वेच्छा से अपने अवैध अतिक्रमण, जिसमें भूमि, भवन और आवास शामिल हैं, खाली कर दें. उन्होंने आगे कहा कि अगर लोग अभी भी अतिक्रमण नहीं हटाते हैं, तो झारखंड हाई कोर्ट में दायर केस नंबर W.P. 4736/2018 (ज्योति शर्मा बनाम राज्य सरकार और अन्य) में 3 दिसंबर 2025 को दिए गए कोर्ट के आदेश के अनुसार, और झारखंड पब्लिक लैंड एनक्रोचमेंट एक्ट, 1958 (या संबंधित राज्य एक्ट) के तहत, अतिक्रमण बलपूर्वक हटा दिए जाएंगे. अतिक्रमण हटाने में होने वाला सारा खर्च संबंधित अतिक्रमणकारियों से भू-राजस्व के बकाया के रूप पर वसूल किया जाएगा. इसके अलावा, संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी.

# भारतीय इंडिगो फ्लाइट ने उड़ान को रोका यात्रियों में अफरा तफरी : जेपी पांडेय

रांची, संवाददाता ।

भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के नेता जय प्रकाश पांडेय ने पूरे भारत के हवाई अड्डों से इंडिगो फ्लाइट को रद्द किया जाना और हजारों यात्रियों को हो रही परेशानियों पर प्रकाश डालते हुए भारत के नागरिक उड्डयन मंत्री श्री किंजारापु राममोहन नायडू को पत्र लिख कर इंडिगो फ्लाइट व्यवस्था अविलंब दुरुस्त करने की मांग करते हुए कहा कि लगता है कि पूरा नागरिक उड्डयन मंत्रालय की इंडिगो फ्लाइट ने हाईजैक कर लिया है, जिसके कारण भारत के यशस्वी पीएम नरेंद्र मोदी के प्रतिष्ठा पर भी आंच लगती दिखाई देने लगी है,पूरे राष्ट्र के सभी हवाई अड्डों से इंडिगो फ्लाइट का रद होना बेहद ही शर्मनाक घटना है,नागरिक उड्डयन मंत्रालय की व्यवस्था लचर दिखलाई देने लगी है, उड्डयन मंत्रालय को दूसरे कई इंडिगो कंपनियों के साथ साठ गांठ रखना चाहिए ताकि भारत के आम नागरिकों को हवाई उड़ान यात्रा में कोई दिक्कत नहीं हो,देखा जा रहा है कि दिल्ली से पटना, रांची, कोलकाता, पटना, मुंबई, बैंगलोर, जम्मू कश्मीर जाने के लिए हवाई यात्रियों को लाख लाख रु भाड़ा का भुगतान करना पड़ रहा है,जो बेहद ही दुखद घटना है आम लोगों का सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ता दिख रहा है और उसका दोषी नागरिक उड्डयन मंत्रालय को बनाया जा रहा है। इस तरह से नागरिक उड्डयन मंत्रालय को हाईजैक कर इंडिगो फ्लाइट ने बेहद हानि पहुंचाया है,अब फ्लाइट से यात्रा करने वाले नागरिकों के असुविधा को ध्यान में रखते हुए दूसरे फ्लाइट कंपनियों के साथ मिलकर वैकल्पिक व्यवस्था करने की जरूरत है और उनके हवाई यात्रा पर भाड़े में नियंत्रण करने की जरूरत है,क्यों कि जिस तरह से हवाई यात्रा पर अनैतिक भाड़े का लोड हवाई यात्रियों पर थोप कर लुट मचाई जा रही है।

# सेट, सेल ने ऑपरेशनल एक्सीलेंस के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल पर वर्कशॉप किया

रांची, संवाददाता ।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के इनहाउस कंसल्टेंट, सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने रांची के सेल सैटेलाइट टाउनशिप के इस्पात एग्जीक्यूटिव हॉस्टल में ऑपरेशनल एक्सीलेंस के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल पर एक दिन की टेक्निकल वर्कशॉप ऑर्गनाइज की। वर्कशॉप का मकसद यह पता लगाना था कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, सेल के ऑपरेशन्स में प्रोडक्टिविटी, सेफ्टी और डिसीजन-मेकिंग को कैसे बेहतर बना सकता है। प्रोग्राम का उद्घाटन डायरेक्टर (टेक्निकल, प्रोजेक्ट्स और रॉ मटेरियल्स) श्री मनीष राज गुप्ता ने किया। अपने भाषण में, उन्होंने सेल में ग्राहक संतुष्टि,, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस



बात पर विशेष बल दिया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अपनाने से सुरक्षा, कर्मचारियों का समेकित कल्याण और लागत में कमी सुनिश्चित होनी चाहिए, साथ ही आये प्रतिनिधियों को व्यवहारिक, वैल्यू-एडेड एप्लीकेशन्स पर फोकस करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने हाल ही में भुवनेश्वर में हुए चिंतन शिविर से मिली विचारधारा का भी ज़िक्र किया। श्री संजय कुमार, सी.जी.एम.- सेट ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया और अपने स्वागत भाषण में सेट के लिए इस वर्कशॉप की इंपॉर्टेंस पर जोर दिया, और तकनिकी में तरक्की को आगे बढ़ाने और फ्यूचर-रेडी कैपेबिलिटीज को मजबूत करने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर जोर दिया। ई.डी, सेट श्री एस.के. वर्मा ने लागत मूल्यांकन,, प्रोजेक्ट प्लानिंग, ड्राइंग-कंटेंट एक्सट्रैक्शन और टाइम पर डिलीवरी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती पैठ पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हालांकि वैश्विक सक्सेस रेट अभी भी कम है, लेकिन इसे जल्दी और असरदार तरीके से अपनाने से सेल को काफी फायदा हो सकता है। इस इवेंट में श्री दीपक जैन, ई.डी. एस.डी.टी.डी.), मुख्य महाप्रबंधक श्री सुनील गुप्ता, श्री अनिल कुमार मिस्त्री, श्री नीलेश सिन्हा, श्री जितेंद्र सलूजा, श्री एसके दास, श्री तपस मोहंती, श्री सलिल भट्टाचार्जी और श्री एस.पी. दास समेत सीनियर एग्जीक्यूटिव्स मौजूद थे। वर्कशॉप में अलग-अलग डिपार्टमेंट्स, सेल संयंत्र, मेकॉन और दूसरे टेक्नोलॉजी पार्टनर्स ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सीमेंस, माइक्रोसॉफ्ट, श्नाइडर इलेक्ट्रिक, इंटरसेक्टआईक्यू, रिपिक.एआई, इनफिसविफ्ट टेक्नोलॉजीज, रिंच सॉल्यूशंस, मोश टेक्नोलॉजी, रॉकवेल ऑटोमेशन, फीनिक्स कॉन्टैक्ट और प्रमा हिकविजन जैसे टेक्नोलॉजी पार्टनर्स ने प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस, डिजिटल ट्विन्स, प्रोडक्शन ऑप्टिमाइजेशन, इंजीनियरिंग ऑटोमेशन, सिक्योरिटी सिस्टम और इंडस्ट्री सॉल्यूशंस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस -ड्रिवन एडवांसमेंट दिखाए।

# मंत्री इरफान अंसारी ने बकाए को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना, दे दी ये बड़ी चेतावनी

रांची, संवाददाता ।

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है और चेतावनी दी है. मंत्री इरफान ने कहा कि अगर केंद्र सरकार राज्य को बकाया पैसा नहीं देती है तो झारखंड से खनिज-संपदा जाने से रोक देंगे. साथ ही मंत्री ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपमानित करने का भी आरोप लगाया है. झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि यदि हमें केंद्र सरकार से पैसा नहीं मिलेगा तो हम भी झारखंड से खनिज-संपदा जाने से रोक देंगे. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्य का बकाया पैसा देना नहीं चाहती है. मंत्री ने कहा कि झारखंड बीजेपी शासित राज्य नहीं है, इसलिए केंद्र सरकार ध्यान नहीं देती है. इरफान अंसारी ने भाजपा पर झारखंड में विकास का काम नहीं होने देने का आरोप लगाते हुए विकास में सबसे बड़ा बाधक बताया

**भाजपा को आदिवासी और अल्पसंख्यक विरोधी बताया**

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार विकास का काम कर रही है. अपने स्त्रोतों के पैसा से विकास कर रही है, लेकिन भाजपा को यह भा नहीं रहा है. उन्होंने भाजपा को आदिवासी और अल्पसंख्यक विरोधी भी बताया है. स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने झारखंड के देवघर दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपमानित करने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने झारखंड में आकर उनके मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपमानित करने का काम किया है. इरफान अंसारी ने हेमंत सोरेन को आदिवासी का विश्व का सबसे बड़ा चेहरा बताया है.

# श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 180वां श्री श्याम भंडारा का किया भव्य आयोजन

रांची, संवाददाता ।

श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया नवीन मोदी नितेश सुनैना अक्षित इशिता मोदी ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया । उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के स्वर में स्वर मिलाकर भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। नवीन नितेश सुनैना मोदी ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं



हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में इडली चटनी उपमा केसरिया जलेबी का प्रसाद वितरण किया गया। खीर चूरमा का भोग हर भंडारे में महाप्रसाद के रूप में श्याम मंदिर में निर्मित किया जाता है एवं सर्वप्रथम भोग लगाया जाता है। भोग लगने के बाद हर भंडारे में मंडल के वरिष्ठ सदस्य रतन शर्मा एवं मंदिर के सहयोगी रांची गौशाला में जाकर गौमाता को भोजन कराते हैं। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद मंदिर परिसर में निर्वतमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी की देख रेख में शुद्धता के साथ निर्मित किया गया था। श्री श्याम भंडारे में मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया अशोक लड़ियां राज्यसभा के पूर्व सांसद एवं मंडल के वरिष्ठ सदस्य अजय मारू अनुज मोदी कमलेश सावा वेद भूषण जैन राहुल मारू राजीव केडिया अंकित कुमार कृष्णा कुमार संकेत चौधरी मनोज खेतावत सहित 50 से ज्यादा कार्यकताओं ने सहयोग दिया। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

# रांची में शुरू हुई नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप

रांची, संवाददाता ।

रांची के खेलगांव वाले हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में शनिवार को पांचवीं नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप धूमधाम से शुरू हो गई. ये प्रतियोगिता झारखंड स्टेट टेबल टेनिस एसोसिएशन ने भारतीय टेबल टेनिस एसोसिएशन के निर्देश पर आयोजित की है. उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड के खेल निदेशक शेखर जमुआर थे और खास मेहमान जेएससीए के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव थे. इनके साथ कई खेल अधिकारी और एसोसिएशन के मेंबर भी मौजूद थे. इस बार देशभर से 1500 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं. प्रतियोगिता 13 दिसंबर तक चलेगी. इसमें अंडर-11 से लेकर सीनियर पुरुष और महिला कुल 12 कैटेगरी के मुकाबले होंगे. पहले दिन अंडर-11 और अंडर-13 के क्वालिफिकेशन मैच हुए, जिनमें बच्चों ने जबरदस्त खेल दिखाया.

कार्यक्रम में बोलते हुए अजय



नाथ शाहदेव ने कहा कि झारखंड में खेलों का अच्छा माहौल है और सरकार भी खिलाड़ियों को पूरा सपोर्ट कर रही है. ऐसी नेशनल प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों का कॉन्फिडेंस बढ़ता है. मुख्य अतिथि शेखर जमुआर ने कहा कि रांची में नेशनल लेवल की टेबल टेनिस चैंपियनशिप होना अपने-आप में गर्व की बात है. इससे यहां के खिलाड़ियों को बड़ी प्रतियोगिताओं का अनुभव मिलता है. कार्यक्रम की शुरूआत में स्वागत भाषण झारखंड टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष समरजीत सिंह ने दिया. उन्होंने कहा कि राज्य में खेलों के विकास के लिए ऐसे बड़े आयोजन बहुत जरूरी हैं और एसोसिएशन हमेशा बेहतर आयोजन के लिए तैयार है.

# रवि आत्महत्या केस की जांच शुरू, मोबाइल से मिली थी हथियार और ड्रग्स की तस्वीरें

रांची, संवाददाता ।

लालपुर इलाके में रहने वाले रवि सिंह सुसाइड मामले की जांच शुरू कर दी गई है. रवि के मोबाइल से हथियार और ड्रग्स तस्करों से जुड़ी कुछ तस्वीरें और अन्य इनपुट मिले थे. जिसके बाद पुलिस ने रवि से पूछताछ की थी, इसी दौरान 5 नवंबर को रवि ने अपने ही घर में आत्महत्या कर ली थी.

**दबाव में आत्महत्या की बात, परिजनों ने मांगा न्याय**

रांची के लालपुर थाना क्षेत्र के लोअर वर्धमान कंपाउंड के रहने वाले रवि सिंह के मोबाइल से कई हथियारों की तस्वीरें मिली थीं. इसके बाद पुलिस के द्वारा रवि से पूछताछ की गई थी. रवि से 22 नवंबर को ही पूछताछ की गई थी. जिसमें कई अहम जानकारियां पुलिस को मिली. पुलिस को रवि के मोबाइल से आर्म्स सप्लायरों के नंबर और चैटिंग भी मिली थी.

**आत्महत्या के लिए जिम्मेदार सप्लायर या अपराधिक प्रवृति के लोग हो सकते हैं: परिजन**

रवि से लालपुर पुलिस के द्वारा इसी आधार पर लगातार पूछताछ की जा रही थी. लेकिन इसी बीच पांच




नवम्बर को रवि ने अपने ही घर में सुसाइड कर लिया. मृतक रवि के परिजनों का कहना है कि पुलिस के द्वारा रवि से पूछताछ की गई थी और उसके मोबाइल से भी कुछ जानकारी पुलिस को मिली थी. वहीं उन्होंने आशंका जाहिर करते हुए कहा कि आत्महत्या के लिए जिम्मेदार वो सप्लायर या अपराधिक प्रवृति के लोग हो सकते हैं जो रवि को गलत धंधे में ले जाना चाहते थे. ऐसे में परिजन ने मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच की मांग की है.

**पुलिस की जांच जारी**

वहीं इस पूरे मामले को लेकर रांची पुलिस का कहना है कि रवि सिंह से बीते दिनों पूछताछ की गई थी, उसके मोबाइल से भी अहम जानकारियां मिली थीं जिसे लेकर पुलिस अनुसंधान कर रही थी. हालांकि इसी दौरान रवि की आत्महत्या की बात सामने आई जिसे लेकर पुलिस गंभीर है और हर बिंदु पर जांच कर रही है. रवि के मोबाइल में दिवेश नाम के शख्स का नंबर भी मिला है. जो जानकारी है उसके अनुसार वह यूपी का रहने वाला है और उसके द्वारा ही कई हथियारों के फोटो भी रवि के मोबाइल नंबर पर भेजे गए. ऐसे में पुलिस उस नंबर को भी जांच के दायरे में रख अनुसंधान कर रही है, देखना होगा कि आने वाले दिनों में इस आत्महत्या के पीछे क्या कुछ वजह सामने आती है.

# रांची में चौकीदार-दफादारों ने अपनी 10 मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

रांची, संवाददाता ।

संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर रांची में लोक भवन (पूर्व में राजभवन) के समक्ष झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के बैनर तले चौकीदारों-दफादारों ने प्रदर्शन किया. झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह के नेतृत्व में हुए धरना प्रदर्शन में राज्य के अलग अलग जिलों से आये चौकीदार और दफादार शामिल हुए. चौकीदार-दफादारों के प्रदर्शन के बाद कार्यक्रम धरने में तब्दील हो गया.

**डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी गई श्रद्धांजलि**

भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि



अर्पित करने के बाद चौकीदार दफादार पंचायत की ओर से बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी गयी और उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि राज्य के चौकीदार- दफादार अपनी जायज मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन सरकार कान में तेल डाल कर सोई हुई है.

**चौकीदारी व्यवस्था को बचाना है: झारखंड प्रदेश चौकीदार-दफादार पंचायत के अध्यक्ष**

झारखंड प्रदेश चौकीदार-दफादार पंचायत के अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा कि जिन मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया है, उनमें झारखंड उच्च न्यायालय रांची द्वारा, झारखंड चौकीदार संवर्ग नियमावली- 2015 में उल्लेखित प्रावधानों और चौकीदारों की नियुक्ति के संबंध में पारित आदेश के कारण झारखंड में चौकीदारी व्यवस्था समाप्त होने से जनहित और राज्य हित में बचाना है. झारखंड चौकीदार संवर्ग नियमावली 2015 में संशोधन करके सेवा विमुक्त चौकीदारों को पुनः सेवा में योगदान करने और 01 जनवरी 1990 के पूर्व और बाद में सेवा निवृत चौकीदार और दफादारों के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करने का प्रावधान निर्धारित करना, सेवा विमुक्त और चौकीदारों को न्याय दिलाने के लिए तत्काल अध्यादेश जारी करना या झारखंड ग्राम चौकीदार (संशोधन) विधेयक-2025 पारित कराना, हर माह के प्रथम सप्ताह में वेतन करने की व्यवस्था करना, सभी बकाया जोड़कर वर्दी भत्ता का भुगतान करना, योग्यता के आधार पर पदोन्नति करना, पुलिस की तरह ही चौकीदार दफादारों को भी 13 माह का वेतन देना, यात्रा और ठहराव भत्ता भुगतान करने और प्रोत्साहन राशि पुरस्कार देने हेतु आवंटन करना प्रमुख है. रैली की अध्यक्षता करते हुए, राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा, ₹हम झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करते हैं कि जनता के हित और राज्य के हित में, भारत के सबसे पुराने प्रशासनिक सिस्टम, ₹चौकीदार₹ सिस्टम को बनाए रखने के लिए, वह झारखंड में चौकीदारों की नियुक्ति प्रक्रिया और ट्रांसफर के संबंध में झारखंड हाई कोर्ट, रांची द्वारा पारित आदेश में ढील देते हुए तुरंत एक अध्यादेश जारी करें. अपनी बीट के बाहर के उम्मीदवारों को चौकीदार के पद पर नियुक्त करना और उन्हें अपनी बीट के बाहर ट्रांसफर करना न केवल चौकीदारी मैनुअल और झारखंड चौकीदार कैडर रूल्स-2015 में बताए गए प्रावधानों के खिलाफ है, बल्कि यह जनता के हित और राज्य के हित के भी खिलाफ है.




## विभाग को चूना लगा रहे वाहन मालिक और संचालक

# प्राइवेट रजिस्ट्रेशन वाली गाड़ियों का हो रहा कॉमर्शियल इस्तेमाल

संवाददाता । रांची

राजधानी में प्राइवेट गाड़ियों का धड़ल्ले से कॉमर्शियल इस्तेमाल किया जा रहा है। वह भी तब जब डीटीओ शहर में लगातार अभियान चला रहे है। इस दौरान लोगों के वाहनों की जांच तो की जाती है। लेकिन प्राइवेट नंबर वाले कॉमर्शियल वाहनों पर कार्रवाई नहीं होती। चूंकि इन वाहनों में या तो मरीज ढोए जा रहे है या फिर अधिकारियों की नेम प्लेट देखकर इन गाड़ियों को रोका ही नहीं जाता। इस वजह से पूरे शहर में प्राइवेट रजिस्ट्रेशन वाली कॉमर्शियल गाड़ियां धड़ल्ले से चल रही है। रांची में बिना कॉमर्शियल रजिस्ट्रेशन कराए किराए पर वाहन चलाया जा रहा है। एजेंसियां बड़ी संख्या में सरकारी हॉस्पिटल से लेकर विभागों में गाड़ियां टेंडर के माध्यम से उपलब्ध करा रही हैं। लेकिन, वाहनों का कॉमर्शियल रजिस्ट्रेशन ही नहीं कराया है। इसकी वजह यह है कि डीटीओ केवल बड़े वाहनों पर ही कार्रवाई कर रहे है। इस तरफ विभाग के अधिकारियों का ध्यान ही नहीं है। इससे भले ही गाड़ियां आसानी से उपलब्ध हो जा रही है। लेकिन कहीं न कहीं इससे परिवहन विभाग को राजस्व का बड़ा नुकसान हो रहा है। ज्यादातर प्राइवेट वाहनों के मालिक ट्रेवल एजेंसियों के साथ जुड़कर अपनी गाड़ियां उन्हें दे देते है। उनकी गाड़ियां एजेंसियों के जरिए किराये पर चल रही हैं। इसके लिए वह प्राइवेट एजेंसियों को कमीशन भी दे रहे हैं। एक-एक गाड़ियों से हर महीने 2-3 हजार रुपए लिए जाते है। वहीं वाहन मालिक को भी एक चीज से राहत है कि उन्हें गाड़ी चलाने के लिए बुकिंग ढूंढने की जरूरत नहीं होती। चूंकि खुद से गाड़ी किराए पर चलाने में हर दिन बुकिंग नहीं मिलती। ऐसे में वे भी एजेंसियों को गाड़ी देकर निश्चिंत हो जाते है। एजेंसी के जरिए गाड़ियां किराये पर लगाने में लोगों को खुद मेहनत भी नहीं करनी पड़ती। किसी सरकारी विभाग या निजी संस्थान को ट्रेवल एजेंसियां ही बड़ी संख्या में किराये पर गाड़ियां उपलब्ध कराती हैं।नियम के अनुसार, प्राइवेट और कॉमर्शियल वाहनों के रजिस्ट्रेशन अलग-अलग कैटेगरी में होते है। कॉमर्शियल गाड़ियों को लेकर काफी सख्त नियम हैं। इसके लिए परिवहन विभाग जिले में परमिट जारी करता है। इसके बाद परमिट का रीन्युअल भी कराना होता है। वहीं इसका टैक्स भी ज्यादा होता है। इन सबसे बचने के लिए वाहन मालिक प्राइवेट रजिस्ट्रेशन कराता है जो 15 सालों के लिए वैलिड होता है। यहीं वजह है कि गाड़ियां देने वाली एजेंसियां प्राइवेट रजिस्ट्रेशन वाली गाड़ियां अधिकारियों को उपलब्ध करा देती है। इसके बाद बार-बार टैक्स और परमिट की झंझट से







## नीट 2025 में रहमानी-30 का नया कीर्तिमान

### 23 प्रतिशत छात्रों की सरकारी एमएमबीएस सीटों पर सफलता



संवाददाता । रांची

रहमानी-30 ने नीट 2025 में अब तक की अपना सबसे बड़ा प्रदर्शन किया है ! कुल 329 छात्रों में से 321 छात्रों ने सफलता हासिल की है ! इनमें से 74 छात्रों को सरकारी एमबीबीएस सीटें मिली हैं जो सफलता की 23 प्रतिशत दर है ! इसके अलावा बीडीएस और चिकित्सा पाठ्यक्रमों में 22 छात्रों ने सफलता हासिल की ! मालूम हो की इस वर्ष का परिणाम रहमानी-30 की अब तक की सभी उपलब्धियों से अधिक बेहतर रहा है ! रहमानी-30 की विशेष पहचान यह है की यहां अधिकतर छात्र उच्च स्तर का प्रदर्शन करते रहे हैं जो संस्थान की सुदृढ़, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी शैक्षणिक व्यवस्था को स्पष्ट रूप से दशार्ता है।




रहमानी-30 के नीट छात्रों ने न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में बल्कि इंजीनियरिंग में भी अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। यह तथ्य कि नीट की तैयारी कर रहे 60 छात्रों ने जेईई मेन सफलतापूर्वक पास किया ! इन छात्रों की मजबूत शैक्षणिक नींव को उजागर करता है।

छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए अमीर-ए-शरीअत हजरत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी ने कहा कि यह सफलता हजरत मौलाना मोहम्मद वली रहमानी (रह.) के शैक्षिणिक सपने की निरंतरता है, जिसका उद्देश्य मेहनती और योग्य छात्रों को आगे बढ़ने का अवसर देना है। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों और शुभचिंतकों से अपील से अपील करते हुए कहा कि कक्षा 7, 8 और 10 के मेधावी व परिश्रमी छात्रों को रहमानी-30 प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए आवेदन करने हेतु प्रेरित करें। आवेदन की अंतिम तिथि 20 दिसंबर 2025 है और प्रवेश परीक्षा 4 जनवरी 2026 को आयोजित होगी।

## उड़ान को मिले 'गरम पंख': माही की 'कोल्ड इज बोल्ड एन इनिशिएटिव बाय माही' मुहिम, शिक्षा का कवच बनी गर्माहट



संवाददाता । रांची

राँची, 15 दिसंबर 2025:जब राँची की हवाएँ सर्द होने लगीं, तब अंसारनगर, कर्बला टैंक रोड स्थित मदरसा शेराजुल उलूम सल्फिया में मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) की ओर से गर्माहट की एक नई लहर दौड़ गई। माही की पहल कोल्ड इज बोल्ड एन इनिशिएटिव बाय माही के तहत, मदरसा के 25 जरूरमंद मेधावी बच्चों को उपहार स्वरूप गर्म स्वेटर प्रदान किए गए। यह आयोजन महज ठंड से बचाव का साधन नहीं था, बल्कि शिक्षा की राह में आने वाली बाधाओं को दूर करने का एक सांकेतिक प्रयास था। गरीबी और कड़ाके की ठंड के कारण अक्सर जरूरत मंद बच्चे स्कूल-मदरसा जाने में असमर्थ होते हैं। माही ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए, इन बच्चों के सपनों को गरम पंख ईनाम दिए, ताकि उनकी पढ़ाई बिना किसी रुकावट के जारी रह सके।इस मौके पर मोहम्मद नजीब, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद जावेद, मौलाना मोजाहिद, मोहम्मद मंजर व मोहम्मद अकबर की उपस्थिति ने भी आयोजन को मजबूती दी।

## AMP के चेयरमैन आमिर इदरीसी रांची में आयोजित मिशन इकरा सेमिनार में हिस्सा लेंगे: आफताब आलम



संवाददाता । रांची

रांची (झारखंड) /15 ज्ञ्एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल (अटढ) के फाउंडर चेयरमैन जनाब आमिर इदरीसी साहब मुंबई से रांची में आज 14 ज्ञ् को आयोजित 6इँ अटऊउङ्गल्लाशल्लीू में शिरकत करने रांची पहुंचे थे।इस मौके पर सामाजिक संस्था अंजुमन इदरीसिया झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष और रांची में 27 ज्ञ् को आयोजित होने वाली मिशन इकरा सेमिनार के संयोजक जनाब मो आफताब आलम इदरीसी और उनके साथियों ने आमिर इदरीसी साहब से मुलाकात करके उनका इस्तकबाल किया और 27 ज्ञ् 2025 दिन शनिवार को रांची के जनाब मो सईद इदरीसी (संरक्षक, आल इंडिया अन्जुमन इदरीसिया) की सरपरस्ती में आयोजित होने वाली मिशन इकरा सेमिनार का दावतनामा भी दिया।

मिशन इकरा कॉन्फ्रेंस में अंजुमन इदरीसिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मो नफीस इदरीसी, ), छपरा (बिहार) से हाजी अब्दुल रहमान अख़्तर, दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ अली अहमद इदरीसी, गुरुग्राम (हरियाणा) से शाह अम्बर, सिवान (बिहार) से प्रोफेसर मो मुस्लिम, जयपुर (राजस्थान) से मो अय्यूब इदरीसी,राष्ट्रीय महामंत्री इं अहमद मुबीन इदरीसी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी मो इकरार इदरीसी, प्रयागराज से हाजी नफीस अनवर, लखनऊ से डॉ इमरान अहमद,हाजी मो इसरार, हाजी मो सगीर, हाजी मो इरशाद, अखतर हुसैन, कमर अहमद (दिल्ली), शाहजहांपुर से हाजी हफीजुद्दीन इदरीसी, मो नकी इदरीसी, नौशाद हुसैन, ताहिर अली, मो शकील, हरदोई से मो अतीक , अब्दुल रकीब, हसीन अहमद, कानपुर से मोईन इदरीसी, जमीर अहमद, वसीम इदरीसी

आमिर इदरीसी ने सेमिनार में शिरकत का वायदा किया है।

इस मुलाकात के मौके पर

सेमिनार के संयोजक मो आफताब आलम इदरीसी के साथ सज्जाद इदरीसी, खालिद उमर,जमील अख़्तर,मुन्नवर हुसैन (भुट्टो), अरकमा वगैरा मौजूद रहे ।

## बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा द्वारा 5-दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन

संवाददाता । रांची



रांची, 15 दिसंबर 2025:बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, (इक्ळ) मेसरा के विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी (एएए) विभाग द्वारा ह्लकंट्रोल इंजीनियरिंग में वर्तमान प्रवृत्तियाँह्व विषय पर 11 से 15 दिसंबर 2025 तक 5-दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ ।

इस व्यापक कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के अक्ळए-अनुमोदित डिग्री एवं डिप्लोमा संस्थानों से आए फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया, जिससे शैक्षणिक आदान-प्रदान एवं व्यवसायिक विकास के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध हुआ।एफडीपी में लगभग 60 फैकल्टी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जो देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। सत्रों को आईआईटी, एनआईटी एवं संस्थान जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थानों के प्रतिष्ठित शिक्षकों द्वारा संबोधित किया गया, जिससे प्रतिभागियों को कंट्रोल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवीनतम ज्ञान एवं आधुनिक प्रथाओं से परिचित भी करवाया गया ।इस कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक संचालन डॉ. एस. के. मिश्रा के नेतृत्व में किया गया, जिन्होंने संयोजक (उङ्गल्लप५ल्ली१) की भूमिका निभाई। उन्हें डॉ. सुषमा एस. कामलु, सहायक प्राध्यापक, समन्वयक (उङ्गङ्गथ्ल्लिं३ङ्ग१) के रूप में तथा डॉ. विजय लक्ष्मी, प्रोफेसर,एएए विभाग, सह-समन्वयक (उङ्ग-उङ्गङ्गथ्ल्लिं३ङ्ग१) के रूप में सहयोग प्राप्त हुआ। उनके सामूहिक प्रयासों से सत्रों का सुचारु संचालन, प्रतिभागियों की प्रभावी सहभागिता एवं सार्थक परिणाम सुनिश्चित हो सके।एफडीपी के माध्यम से कंट्रोल इंजीनियरिंग में वर्तमान प्रवृत्तियों, कार्यप्रणालियों एवं अनुप्रयोगों का समग्र अवलोकन प्रस्तुत किया गया, जिससे प्रतिभागियों को सैद्धांतिक प्रगति के साथ-साथ व्यवहारिक क्रियान्वयन की भी महत्वपूर्ण समझ प्राप्त हुई।इस प्रकार की अकादमिक पहलों के माध्यम से संस्थान शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सुदृढ़ कर रहा है, जो फैकल्टी सदस्यों को सशक्त बनाती हैं, नवाचार को प्रोत्साहित करती हैं ।

## भारत बापू का देश,मनरेगा को निरस्त करने का फैसला राष्ट्रविरोधी व महात्मा गांधी का अपमान,150 दिन रोजगार गारंटी किया जाय : कैलाश यादव

संवाददाती

प्रदेश राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि मैने राजद की ओर से दो दिन पूर्व ही मनरेगा का नाम बदलने पर केंद्र की मोदी सरकार के अनैतिक निर्णय पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त किया था !

विदित है आज सदन में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 को निरस्त करने का प्रस्ताव कर नया कानून के तौर पर विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) बनाने का फैसला लिया है !

यादव ने कहा कि भारत बापू का देश है जिन्होंने अपने संघर्ष और देश की आजादी के लिए सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाकर भारत को स्वतंत्रता दिलवाई थी , इनका राष्ट्रहित का सपना बहुत बृहत था इन्होंने अपने दूरदर्शी व्यक्तित्व के कारण भारत में हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई जैन और बौद्ध समाज के लोगों को एकता का संदेश दिया था जिस कारण भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य का स्थापना हुआ !

सारे जहां से अच्छा हिंदोस्ता हमारा




!रघुपति राघव राजाराम पति तपावन सीताराम ₹ अल्हा ईश्वर तेरो नाम सबको सन्मति दे भगवान का संदेश हरेक हिन्दुस्तानियों के जहन में समाया था !

विदित हो राष्ट्रगान लिखने वाले गुरु रवीन्द्र नाथ टैगोर ने बापू को महात्मा कहा था जिस कारण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की उपाधि प्राप्त हुई !

यूपीए 1 डॉ मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 2005 में तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रद्धेय डॉ रघुवंश प्रसाद सिंह के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर मनरेगा कानून बनाकर देश में मजदूरों 100 दिन का रोजगार गारंटी योजना लागू किया गया था !अफसोस है केंद्र की मोदी सरकार देश के तमाम संस्थाओं और योजनाओं का नाम बदलने का काम कर रहा है !

राजद मनरेगा कानून को निरस्त करने का कड़ा विरोध करता है और नया कानून बनाने के फैसला को राष्ट्रोधी एवं महात्मा गांधी का अपमान करार देता है !

राजद का मांग है कि देश बेतहाशा गरीबी बेरोजगारी पलायन और महंगाई को देखते हुए मजदूरों की रोजगार गारंटी योजना 150 दिन किया जाय !

## ब्रीफ न्यूज

### क्रिसमस पर्व से पूर्व दिसंबर माह का वेतन देने की मांग : महासंघ



संवाददाता ।

झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन, माननीय वित्त मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर एवं मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार झारखंड सरकार से राज्य के समस्त राज्य कर्मियों को क्रिसमस पर्व के अवसर पर क्रिसमस से पूर्व 20 दिसंबर तक दिसंबर माह का वेतन देने की मांग की है। महासंघ के राज्य अध्यक्ष श्री जहीर ने कहा कि क्रिसमस पर्व के अवसर पर समय पर वेतन मिलने से राज्यकर्मियों में हर्षोल्लास, उमंग, उत्साह और खुशियों का संचार होगा। साथ ही इस से राज्यकर्मियों के हर जरूरत और उनके घर परिवार की पर्व से जुड़ी सभी जरूरतें पूरी होंगी।

### हजरत मौलाना पीर जुलफि कार अहमद नक्शबंदी मुजद्दिदी का निधन हो गया।जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रेसिडेंट का शोक संदेश

संवाददाता ।

नई दिल्ली, 15 दिसंबर, 2025: जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रेसिडेंट मौलाना महमूद असद मदनी ने मशहूर इस्लामिक स्कॉलर, नक्शबंदी मुजद्दिदी ऑर्डर के जाने-माने आध्यात्मिक गुरु हजरत मौलाना पीर हाफि ज जुलफि कार अहमद नक्शबंदी मुजद्दिदी (फ्ब) के निधन पर गहरा दुख और शोक जाहिर किया है।अपने शोक संदेश में, मौलाना मदनी ने कहा कि पीर साहब आज के जमाने की उन जानी-मानी आध्यात्मिक और सुधारवादी हस्तियों में से हैं, जिन्होंने कुरान और सुन्नत की रोशनी में, दुनिया भर में खुद को शुद्ध करने, नैतिक सुधार और सुन्नत पर चलने का संदेश फैलाया। उनके निधन से, इस्लामिक दुनिया, खासकर सबकॉन्टिनेंट ने एक सच्चा उपदेशक, एक सूफी संत और एक निस्वार्थ गुरु खो दिया है। मौलाना मदनी ने कहा कि हजरत (फ्ब) की यह खासियत थी कि उन्होंने सूफीवाद को इस तरह पेश किया कि वह असल ज़िंदगी, समाज और परिवार के सिस्टम से जुड़ गया और आज के पढ़े-लिखे लोगों को धर्म और शरिया के करीब लाने में अहम भूमिका निभाई। उनकी लिखी बातें और सुधारवादी बातें उनकी धार्मिक समझ और सोच की गहराई का साफ सबूत हैं। मौलाना मदनी ने हजरत (फ्ब) के साथ अपने सुधारवादी और दिल से जुड़े होने का ज़िक्र करते हुए कहा कि उनके निधन से उन्हें निजी नुकसान हुआ है और बहुत बड़ा सदमा लगा है। दुआ है कि अल्लाह तआला हजरत ममदूह की सभी धार्मिक और रूहानी खिदमतों को कबूल करे, उनके ओहदे को ऊंचा करे, उन्हें जन्नत में ऊंचा मुकाम दे और दुखी लोगों को सब्र दे। आमीन।

### राज्यपाल 20 को विनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का सोनाहातु में करेंगे लोकार्पण



संवाददाता ।

रांची। राज्यपाल संतोष गंगवार आगामी 20 दिसंबर को सोनाहातु में झारखंड आंदोलन के प्रणेता पूर्व सांसद स्व विनोद बिहारी महतो की 9 फीट ऊंची प्रतिमा का लोकार्पण करेंगे। गूंज परिवार द्वारा आयोजित लोकार्पण समारोह दिन के एक बजे आयोजित किया गया है। गूंज परिवार के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं संरक्षक सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात कर लोकार्पण के लिए औपचारिक आमंत्रण पत्र सौंपा।

राज्यपाल ने समारोह के लिए अपने सहमति दे दी है। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा, जयपाल सिंह, सुनील सिंह, दुबराज महतो, श्याम महतो, मंजूमुंडा, रंगबहादुर महतो और किरीटी भूषण महतो शामिल थे।

### बीसीआई टाइटेनियम स्मैश लीग महिला



### एकल वर्ग में हिमानी बनी विजेता

संवाददाता ।

रांची। बीसीआई टाइटेनियम स्मैश लीग का आयोजन सोमवार को रांची में किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बीसीआई के मेंटर किशोर कुमार मंत्री ने लीग का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। महिला एकल वर्ग में हिमानी गुप्ता विजेता और नेहा सिंघानिया उपविजेता रहीं। पुरुष एकल में प्रिंस अग्रवाल ने खिताब अपने नाम

किया, जबकि शिव प्रकाश अग्रवाल उपविजेता रहे। महिला युगल में हिमानी गुप्ता और प्रीति अग्रवाल की जोड़ी विजेता बनी। पुरुष युगल में प्रिंस अग्रवाल एवं रणधीर कुमार सिंह ने जीत दर्ज की, जबकि प्रह्लाद कुमार अग्रवाल तथा

सौरभ घोष उपविजेता रहे। मिक्स्ड डबल्स में प्रथमेश अग्रवाल और वनीशा अग्रवाल विजेता और प्रिंस अग्रवाल एवं गुंजन सर्राफ उपविजेता बने। किड्स वर्ग में गुरमीत ग्रोवर और वंदना अग्रवाल विजेता रहे, जबकि तनिष्क बजोरिया एवं शनविका घोष उपविजेता बने। विशेष पुरस्कारों में ऊजार्वान खिलाड़ी का सम्मान अमित किशोर और उत्सव जालान को मिला। वहीं बेस्ट स्मैश ऑफ द लीग का पुरस्कार सौरभ घोष को प्रदान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में उत्सव जालान, अमित किशोर और सुदर्शन अग्रवाल ने योगदान दिया।

आयोजन के दौरान सभी प्रायोजकों को सम्मानित किया गया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर बीसीआई के निदेशक धीरज ग्रोवर, अजय कुमार, बीसीआई

टाइटेनियम की अध्यक्ष हिमानी गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ शिप्रा साह, सचिव अनुज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संतोष सोनी सहित अन्य लोगमौजूद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

# 65 डिलिवरी सेंटर में एनबीसीसी बनाने, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण के दिए निर्देश



**जमशेदपुर, संवाददाता**

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शनिवार समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, कुपोषण, परिवार नियोजन, ममता वाहन, गैर-संचारी रोगों की रोकथाम के साथ साथ तमाम स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति व गुणवत्ता की समीक्षा की गई। इस दौरान सरकारी संस्थाओं में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष बल देते हुए उपायुक्त ने कहा कि आंकड़ों पर ध्यान रखने से ज्यादा जरूरी है कि नागरिक इलाज से संतुष्ट होकर घर वापस लौटें। सदर अस्पताल में डायलिसिस सुविधा की समीक्षा में बताया गया कि अप्रैल से नवंबर माह तक कुल 835 लोग लाभान्वित हुए हैं। उपायुक्त द्वारा डायलिसिस यूनिट के बेहतर संचालन एवं मरीजों के उचित देखभाल का निर्देश भी दिया गया। साथ ही घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में भी डायलिसिस यूनिट के बेहतर संचालन का निर्देश दिया गया। ताकि घाटशिला अनुमंडल क्षेत्र के लोगों को डायलिसिस के लिए जमशेदपुर न आना पड़े।

वहीं अनुमंडल अस्पताल में सी-सेक्शन से भी इलाज की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्य विभागीय पदाधिकारी-कर्मी एवं विशेषकर एमओआईसी को संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता देने, संस्थागत प्रसव को लेकर लोगों के बीच जागरूकता लाने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि पहला एएनसी (गर्भावस्था पूर्व देखभाल) रजिस्ट्रेशन में अपेक्षित सुधार लाएं और चौथे एएनसी तक फॉलो अप करें। ताकि संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जा सके। सभी लाभार्थियों को जननी सुरक्षा योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। कोई भी सुयोग्य लाभुक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे इसे सुनिश्चित करें। जबकि बहरागोड़ा, चाकुलिया, पटमदा और गोलमुरी सह जुगसलाई प्रखंडों में टीकाकरण की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई। जिसको लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि इन क्षेत्रों में विशेष कार्ययोजना बनाते हुए कार्य करें। कुपोषण उपचार केंद्र में बेड ऑक्यूपेंसी बढ़ाने, गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग गतिविधियों को सशक्त बनाने का निर्देश भी दिया गया। उन्होंने ममता वाहन की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता जताते हुए कहा कि सभी एमओआईसी संबंधित बीडीओ के साथ बैठक कर प्रत्येक पंचायत में कम से कम एक वाहन जरूर टैग करें।

डेंगू और मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरतने, फॉगिंग, जागरूकता अभियान एवं नेशनल वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम के तहत सभी गतिविधियों की कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, टीबी उन्मूलन अभियान विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों में एनीमिया जांच अभियान का विस्तार करने के निर्देश भी दिए गए। परिवार नियोजन के अंतर्गत नसबंदी जैसे स्थायी उपायों को प्रखंड स्तरीय सीएचसी की क्षमता के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से लागू करने, सभी चिकित्सीय संसाधनों को अपडेट रखने एवं ऑब्जर्वेशन प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल, एसीएमओ डॉ जोगेश्वर प्रसाद, डॉ रंजीत पांडा, डॉ ए मित्रा, डॉ मृत्युंजय धावड़िया, सभी एमओआईसी, डीपीसी, डीपीएम, डीडीएम, बीएएम, बीपीएम, बीडीएम व स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी-कर्मी भी मौजूद थे।

# एमजीएम पोखारी चोरी मामले का पुलिस ने किया खुलासा, चार गिरफ्तार, गहने बरामद

**जमशेदपुर, संवाददाता**



बीते दिनों एमजीएम थाना अंतर्गत पोखारी गांव निवासी महेश गौड़ के घर का ताला तोड़कर हुई 15 लाख रुपए मूल्य के गहनों की चोरी के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें संकोसाई रोड नंबर 5 निवासी सुंदर कुजूर उर्फ कल्लू, एकता नगर निवासी रोहित गोप, बोड़ाम मिजार्डीह निवासी मनीष राय और उलीडीह डिमना बस्ती का रहने वाला बिक्की सिंह शामिल हैं। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी हुए सोने का एक ब्रेसलेट, सोने का एक मंगलसूत्र, सोने की एक अंगुठी, सोने का दो जोड़ी टॉप्स, दो जोड़ी पायल, एक सोने का हार, एक सोने की चेन, कान का एक-एक पीस सोने का टॉप्स, दो जोड़ी चांदी की बिछिया, चोरी के पैसे से खरीदा गया मोबाइल, एक जोड़ी सोने का टॉप्स, एक सोने की चेन, एक बाइक और लोहे का औजार बरामद किया गया है। मामले का खुलासा शनिवार पुलिस ऑफिस में एसपी ग्रामीण ऋषभ गर्ग ने प्रेसवार्ता में किया। मौके पर थाना प्रभारी सचिन कुमार दास समेत अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। वार्ता में एसपी ने बताया कि चोरी की घटना 29-30 नवंबर की रात्रि घटी थी। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। जहां से लौटने पर देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और घर के अंदर सभी सामान बिखरे पड़े हैं। जिसके बाद पुलिस ने वादी की शिकायत पर थाने में मामला भी दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना को आरोपी सुंदर कुजूर और रोहित गोप ने अंजाम दिया था। साथ ही दोनों ने चोरी का सामान आपस मे बांट लिया था। सुंदर ने चोरी के गहने मनीष राय को बेचने के लिए दिया था। जिसमें सोने की चेन बिक्की सिंह को 10 हजार रुपए में बेचा गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों का पूर्व में आपराधिक इतिहास भी रहा है। फिलहाल सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। टीम में पटमदा डीएसपी बचनदेव कुजूर, थाना प्रभारी सचिन कुमार दास, एसआई प्रदीप वर्मा, एएसआई नरेंद्र बिहारी सिंह, आरक्षी फिरोज आलम, राजेश कुमार, सरोज मिश्रा और मोनू कुमार भी शामिल थे।

# बाल विकास परियोजना कार्यालय की हुई मासिक समीक्षात्मक बैठक



**कोडरमा, संवाददाता**

डोमचांच प्रखंड अंतर्गत सभागार में बाल विकास परियोजना कार्यालय की मासिक समीक्षात्मक बैठक शुक्रवार को रखी गई। जिसमें सभी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाएं उपस्थित रही। वहीं बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने वाली सेविकाओं के मानदेय कटौती का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास योजना पदाधिकारी के द्वारा पोषण ट्रैक्रर के सभी इंडिकेटर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, अपार आईडी, समर अभियान ,आधारभूत संरचना, सक्षम आंगनवाड़ी, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सहित सभी इंडिकेटर पर चर्चा की गई। जिन केंद्रों के द्वारा लक्ष्य प्राप्ति नहीं की गई थी। उन्हें सत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करने का निर्देश दिया गया एवं कार्य मे लापरवाही बरतने पर मानदेय कटौती का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि अगले माह से जो सेविकाएं अंतिम पांच में रहेगी। उनको सभी को कारण पृच्छा करते हुए चयन मुक्त करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका कुमारी अनुश्री, पोषण अभियान प्रखंड समन्वयक अंजु कुमारी, कार्यालय सहायक कर्मी भारत किशोर महतो, कार्यालय ऑपरेटर मोहम्मद अनस तथा सभी सेविकाए मौजूद रही।

# भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने जे.पी. नड्डा को सौंपा ज्ञापन, आवास खाली कराने के आदेश पर हस्तक्षेप की मांग

**धनबाद, संवाददाता**



भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला ग्रामीण के जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर तथा सिंदरी नगर भाजपा अध्यक्ष अरविंद पाठक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को देवघर सर्किट हाउस में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा से मुलाकात कर सिंदरी की आवासीय समस्या से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि सिंदरी एक औद्योगिक नगरी है, जहां लोग कई दशकों से शांतिपूर्वक रह रहे हैं। लेकिन बीते वर्ष सेल कंपनी एवं एफसीआई लिमिटेड सिंदरी यूनिट द्वारा डोमगढ़ क्षेत्र के निवासियों को आवास खाली करने का निर्देश दिया गया है। कंपनी का तर्क है कि डोमगढ़ में ओवी (ओवरबर्डन) डंप किया जाएगा, जबकि प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कुछ किलोमीटर की दूरी पर खाली भूमि उपलब्ध है, जहां डंपिंग की जा सकती है। आरोप लगाया गया कि सेल कंपनी परिवहन लागत बचाने के उद्देश्य से बसे-बसाए क्षेत्र को अस्थिर करना चाहती है। इसके साथ ही एफसीआई के अन्य आवासों को भी पीपी कोर्ट के माध्यम से खाली कराने का आदेश जारी किया जा रहा है, जबकि स्थानीय लोग न्यायोचित किराया देने को तैयार हैं। एफसीआई द्वारा 23 वर्षों का किराया एकमुश्त मांगने का विरोध करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि निवासी वर्तमान से किराया देने को सहमत हैं और सहयोग करना चाहते हैं। मंत्री नड्डा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ज्ञापन को वे तत्काल फर्टिलाइजर मंत्रालय एवं सचिव को भेजेंगे। साथ ही जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल सिंदरी भेजकर आवासीय क्षेत्रों का निरीक्षण कराएगा और स्थानीय लोगों से भी बातचीत की जाएगी। इसके बाद आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि मंत्री के हस्तक्षेप से सिंदरी की लंबित समस्याओं का समाधान होगा। प्रतिनिधिमंडल में नगर मंत्री राघव तिवारी, युवा मोर्चा जिला मंत्री अरविंद सिंह तथा जिला महामंत्री निताई रजवार शामिल थे।

# धान खरीद में हो रही देरी से किसान परेशान, सस्ती दर पर बेचने को विवश : महेंद्र वर्मा

**कोडरमा, संवाददाता**



जिले के भाजपा वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी महेंद्र प्रसाद वर्मा ने हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अभी तक राज्य के द्वारा पैक्सों में धान की खरीदारी शुरू नहीं होने के कारण मजबूरन किसान बिचौलियों के हाथों अपनी धान फसल 15 रुपये किलो बेचने को विवश है। अभी तक सरकार के द्वारा कोई तरह का पैक्सों में धान फसल की खरीदी को लेकर अधिसूचना या फिर नयी कोई दरें आधिकारीक रूप से घोषणाएं नहीं की गई है। पहले चक्रवर्ती तूफान मोथा ने किसानों के फसलों को प्रभावित किया और अब सरकार के द्वारा पैक्सों का समय पर नहीं खुलने से किसान को नुकसान हो रहा है। मजबूरन अपने धान फसल को बिचौलियों के हाथों बेच दे रहे हैं। उन्होंने सरकार से जल्द पैक्सों को खोले जाने की मांग की है। साथ उन्होंने कहा कि कोडरमा के जिले के डोमचांच क्षेत्र अंतर्गत कई सहकारिता विभाग के द्वारा मिनी कोल्ड स्टोर बनाए गए हैं। परंतु उन कोल्ड स्टोर को संचालित नहीं किया जा रहा है। लाखों लाख रुपए लगाकर सिर्फ कोल्ड स्टोर भवन का निर्माण करवाया जा रहा है। यह सिर्फ कमीशन खोरी का भेंट चढ़ गया है। परंतु इसका उपयोग किसानों को फसल सब्जियों को रखने के लिए नहीं हो रहा है। ऐसे में जल्द से जल्द सरकार सुनिश्चित करें कि इन तमाम मिनी कोल्ड स्टोर को सुचारू रूप से संचालित करवाया जाय ताकि स्थानीय किसानों को इसका लाभ मिल सके।

# पलामू के पिपराटांड़ थाना प्रभारी निलंबित, जमीन मामले में पैसे मांगने का आरोप

**पलामू, संवाददाता**




जिले के पिपराटांड़ थाना प्रभारी सुबोध कुमार को निलंबित कर दिया गया है. सब इंस्पेक्टर पर जमीन के एक मामले में पैसा मांगने का आरोप है. किशनपुर ओपी प्रभारी नीलेश कुमार को पिपराटांड़ का नया थाना प्रभारी बनाया गया है. जबकि सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार सिंह को किशुनपुर ओपी का प्रभारी बनाया गया है.

**एसपी ने की निलंबन की पुष्टि**

पिपराटांड़ के थाना प्रभारी सुबोध कुमार पर आरोप है कि जमीन के एक मामले में उन्होंने दलाल के माध्यम से 20 हजार रुपए की डिमांड की थी. इस पूरे मामले में जोनल आईजी से शिकायत भी की गई थी. जिसके तहत कार्रवाई करते हुए एसपी रीष्मा रमेशन ने पिपराटांड़ थाना प्रभारी सुबोध कुमार को निलंबित कर दिया है. एसपी रीष्मा रमेशन ने निलंबन की कार्रवाई की पुष्टि की है.

**पहले भी हो चुके हैं पीपराटांड़ थाना प्रभारी सस्पेंड**

बता दें कि इससे पहले भी पीपराटांड़ के थाना प्रभारी को अफीम के मामले में भूमिका संदिग्ध मिलने के बाद निलंबित कर दिया गया था. निलंबन के बाद टाउन थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर सुबोध कुमार की पिपराटांड़ थाना प्रभारी के पद पर तैनाती की गई थी. सुबोध कुमार 2018 बैच के सब इंस्पेक्टर हैं. नए थाना प्रभारी निलेश कुमार भी 2018 बैच के सब इंस्पेक्टर हैं. पिपराटांड़ का इलाका चतरा से सटा हुआ है और यह इलाका नक्सली गतिविधि एवं अफीम की खेती के लिए चर्चित रहा है. पिपराटांड़ से कई नक्सल अभियान भी चलाए गए हैं.

# संविधान निमार्ता डॉ भीमराव आंबेडकर की 69वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया



**पलामू, संवाददाता**

शनिवार को हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह अखिल भारतीय धोबी महासंघ पलामू के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा के हुसैनाबाद स्थित आवास परिसर में संविधान निमार्ता भारतरत्न लोकनायक, गरीबों के मसीहा, भारत प्रथम कानूनमंत्री डॉक्टर भीम राव आंबेडकर की के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं चरणों में पुष्प अर्पित कर शत शत नमन किया। इस अवसर पर बैठा ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर ने साधारण मानव से महामानव की दर्जा अपने मेधा के आधार पर ही हासिल किया उन्होंने कहा कि भारत ही नहीं बल्कि विश्व के लिए बहुत कुछ कर के गए हैं उन्हें जितना भी नमन किया जाए बहुत कम होगा। आज उन्हीं के द्वारा दिया संविधान के बदौलत एसी एसटी ओबीसी के लोग भारत देश के शीर्ष पदों पर विराजमान हैं। मौके पर विकाश रजक, धर्मेंद्र यादव, रामसेवक विश्वकर्मा, कुणाल यादव गुडु रजक, सहित अन्य लोग मौजूद थे!।

# बोकारो थर्मल के गोविंदपुर ई पंचायत भवन में लगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**बोकारो, संवाददाता**



बोकारो थर्मल के गोविंदपुर ई पंचायत सचिवालय भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जीप सदस्य शहजादी बानो,मुखिया विश्वनाथ महतो, पंचायत समिति सदस्य अनीता देवी ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। जीप सदस्य शहजादी बानो ने बताई की सरकार आपके द्वार के माध्यम से सरकार के हर योजनाओं को आपके द्वारा पहुंचाया जायगा । अगर किसी कारण वश आपके कार्य को पूरा नहीं होता हैं तो आपके कार्य के लिए प्रखंड कार्यालय हमेशा तत्पर हाजिर रहेगा। वहीं मुखिया विश्वनाथ महतो ने कहा की आज सरकार महिलाओं के लिए आगे बढ़कर कार्य कर रहीं हैं आज महिलाएं सवालम्बी बन रहीं हैं। इसका हिस्सेदारी हम सभी को मिलजुलकर लाभ लेना चाहिए। सरकार आपके द्वार के तहत हर योजनाओं को पहुंचाया जा रहा हैं, जनता मो लाभ लेने की जरुरत हैं। इसका लाभ हर परिवार को लाभ उठानी चाहिए। पंचायत समिति सदस्य अनीता देवी ने बताई अगर किसी भी प्रकार का इस आयोजन में अपना फार्म नहीं भर सके तो वह पंचायत प्रतिनिधि से मिलकर अपना समस्या का समाधान कर सकेंगे। वहीं कई योजनाओं का वितरण कर गोद भराई किया गया। मौके पर उप मुखिया कोकिल कुमार महतो,पंचायत सचिव नरेश कुमार यादव,वार्ड सदस्य महेश महतो,आशा देवी,पिंकी देवी, गोविन्द महतो, पंचायत प्रतिनिधि सुनील महतो, जेएसएलपीएस के रेशमा भारती, सावित्री देवी, गीता देवी, बसंती देवी, रुक्मणि देवी, घनश्याम महतो आदि लोग उपस्थित थें।

# बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर विधायक ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**बोकारो, संवाददाता**

भारत रत्न और भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर बोकारो की विधायक श्वेता सिंह के आवास पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। विधायक ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बाबा साहेब सामाजिक न्याय और समता के प्रतीक थे, जिनकी विचारधारा आज भी देश का मार्गदर्शन कर रही है। डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा, समानता और मानवाधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया और संविधान निर्माण के माध्यम से हर नागरिक को न्याय, स्वतंत्रता और समान अवसर का अधिकार दिलाया। कार्यक्रम में पवन झा, विश्वजीत सिंह, पूनम यादव, शाहिद राजा सहित कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# उज्ज्वल भविष्य-निर्माण के लिए शिक्षक देश की सबसे मजबूत दीवार : उपायुक्त

## विद्यार्थी-केन्द्रित हितकारी शिक्षा सुनिश्चित करने को ले डीपीएस बोकारो में शिक्षाविदों का बड़ा जुटान

**बोकारो, संवाददाता**



डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, बोकारो की ओर से एमएसएमई व नीति आयोग से संबद्ध सीईडी फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवार को डीपीएस बोकारो में स्कूल लीडरशिप समिट एंड अवाड्र्स-2025 के 18वें संस्करण का आयोजन हुआ। झारखंड, बिहार और ओडिशा के 100 से अधिक प्राचार्यों व शिक्षकों की भागीदारी वाले इस सम्मेलन में विद्यार्थी-केन्द्रित शिक्षा तथा एनईपी 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर व्यापक मंथन किया गया। विभिन्न मानकों पर चयनित शिक्षाविदों को उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि उपायुक्त अजय नाथ झा ने इसे शिक्षा क्षेत्र में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र-निर्माण की सबसे मजबूत दीवार हैं। उन्होंने प्राचार्यों से विद्यार्थियों को सक्षम व संवेदनशील नागरिक बनाने का आह्वान किया। इसके बाद झारखंड, बिहार और ओडिशा के 35 वरिष्ठ शिक्षाविदों को शिक्षक रत्न, शिक्षक गौरव और भारतीय गौरव सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। स्वागत गान, गणेश वंदना और लोकनृत्य की प्रस्तुतियों ने वातावरण को उल्लासपूर्ण बनाया। सहोदया अध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने एनईपी 2020 को भारत के भविष्य का ब्लूप्रिंट बताया। अतिथि वक्ताओं डॉ. प्रियदर्शी नायक, प्रो. (डॉ.) सी. बी. शर्मा और डॉ. चीनू अग्रवाल ने नई शिक्षा नीति, मूल्यांकन प्रणाली, तनावमुक्त शिक्षा एवं छात्र-हित पर अपने विचार साझा किए। एनईपी 2020 के पाठ्यक्रम, मूल्यांकन और शिक्षण प्रणाली पर प्रभाव को लेकर एक महत्वपूर्ण पैनल डिस्कशन भी हुआ। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सहोदया महासचिव विश्वजीत पात्रा ने किया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# 35 किसानों के बीच चना बीज का हुआ वितरण



**बोकारो, संवाददाता**

नवाडीह प्रखंड के सदर पंचायत भवन में शनिवार को चना बीज वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार द्वारा 35 किसानों के बीच चना बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार महतो ने कहा कि किसान चना की खेती कर अच्छी आमदनी कर सकते हैं। चना की खेती में ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती है। क्षेत्र के किसानों को सरकार की ओर से उत्तम किस्म के चना का बीज निशुल्क दिया जा रहा है। मौके पर मुखिया किरण देवी, पंसस निर्मल महतो, विधायक प्रतिनिधि संदीप कुमार महतो, बीटीएम सुरेश रजक, एटीम संतोष कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी आकाश कुमार, भी एल डब्लू दामोदर स्वरूप, कृषि मित्र टिकेन्दर महतो, भुनेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

